सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 04 अंक : 309 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, बुधवार, 8 मई , 2024

A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN
SESSION 2024 - 2025

CLASS - 11 SCIENCE
COMMERCE & ARTS

HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION

LIMITED SEATS · FIT INDIA SCHOOL · TOP 500 · ISO 9001:2015

9934319186 | BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD

# तीसरे चरण मे 93 सीटों पर वोटिंग हुआ संपन्न मैदान में कई दिग्गज

## तीसरे चरण में औसतन 61% वोटिंग, असम में सबसे अधिक 75% और महाराष्ट्र में सबसे कम 54% मतदान

पोलिट लाइव रिपोर्टर

PL न्यूज़ डेस्क - तीसरे फेज में गुजरात की गांधी नगर, महाराष्ट्र की बारामती सीट, मध्य प्रदेश की राजगढ़ सीट और यूपी की मैनपुरी पर सभी की नजर रहेगी. इसमें 120 महिलाओं समेत 1300 से अधिक उम्मीदवार मैदान में हैं. जिसमें कई चेहरे खास हैं.

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान 7 मई को सुबह शुरू हो गया था . 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 93 लोकसभा सीटों पर वोटिंग है. मंगलवार शाम तक 280 से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हो चुका होगा, यानी लोकसभा की कुल सीटों में से आधी से अधिक सीटों का फैसला हो चुका होगा. बचे हुए चार चरणों में 263 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान






होना बाकी रहेगा.

### तीसरे चरण की ये हैं खास सीटें

तीसरे चरण में गुजरात (25 सीट) और गोवा (2 सीट) समेत केंद्र शासित प्रदेशों दादरा और नगर हवेली व दमन और दीव (1-1 सीट) की सभी सीटों पर मतदान होगा. मतदान वाली अन्य सीटों में असम की 4, बिहार की 5, छत्तीसगढ़ की 7, मध्य प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10 और पश्चिम बंगाल की 4 सीटें शामिल हैं.

तीसरे फेज में गुजरात की गांधी नगर, महाराष्ट्र की बारामती सीट, मध्य प्रदेश की राजगढ़ सीट और यूपी की मैनपुरी पर सभी की नजर रहेगी. क्योंकि गांधीनगर में चुनावी मुकाबला बीजेपी उम्मीदवार अमित शाह और कांग्रेस कैंडिडेट सोनल पटेल के बीच है. वहीं बारामती में सुनेत्रा पवार और सुप्रिया सुले के बीच होगा. राजगढ़ सीट पर दिग्विजय सिंह और रोडमल नागर, जबकि मैनपुरी में डिंपल यादव और जयवीर सिंह के बीच सीधा मुकाबला है.

# इंडिया से टेंशन के बीच घुटनों पर मालदीव?

पोलिट लाइव रिपोर्टर

नई दिल्ली : इंडिया से टेंशन के बीच मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर भारत आएंगे. गुरुवार (नौ मई, 2024) को वह एक दिन के दौरे पर यहां रहेंगे और इस दौरान उनकी भारतीय समकक्ष डॉ.एस जयशंकर से मुलाकात होगी. न्यूज एजेंसी 'यूएनआई' की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों दिग्गजों के बीच आपसी हित के द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर बात होगी. विदेश मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक बयान के हवाले से कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया, "इडियन ओशियन रीजन (आईओआर) में मालदीव भारत का अहम समुद्री साझेदार है. ऐसे में उम्मीद है कि विदेश मंत्री मूसा जमीर के इस दौरे से दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ावा मिलेगा." विदेश मंत्रालय का जिम्मा संभालने के बाद मूसा जमीर का यह पहला आधिकारिक भारत दौरा है. ध्यान देने वाली बात है कि मालवीद के विदेश मंत्री ऐसे समय पर भारत आ रहे हैं, जब इंडिया की ओर से कहा गया था कि वह 10 मई, 2024 से पहले मालदीव से अपने सैन्यकर्मियों को हटा लेगा.

# अब सीएम के खिलाफ NIA जांच की सिफारिश

पोलिट लाइव रिपोर्टर

नई दिल्ली : दिल्ली के उपराज्यपाल ने सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ NIA जांच की सिफारिश कर दी है। इल्जाम है कि आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस से आम आदमी पार्टी ने 16 मिलियन डॉलर का फंड लिया है। यह खबर सोशल मीडिया पर खूब तेजी से वायरल हो रही है। हालांकि कोहरामलाइव इस खबर की पुष्टि नहीं करता है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली के उपराज्पाल को लिखे पत्र में बताया गया है कि यह चंदा कट्टर खालिस्तानी समर्थक देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई में




मदद करने और खालिस्तानी भावनाओं को बढ़ावा देने के एवज में मिला है। एलजी को यह पत्र वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन- इंडिया नामक संगठन ने लिखा है। इसमें बताया गया है कि आम आदमी पार्टी ने यह चंदा साल 2014 से 2022 के बीच में लिया। आगे लिखा है 2014 में अमेरिका के शहर न्यूयॉर्क स्थित एक गुरुद्वारे में सिख फॉर जस्टिस के मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू और केजरीवाल की मुलाकात हुई थी।

इस मीटिंग में केजरीवाल ने पन्नू को आश्वस्त किया था वह 1993 दिल्ली बम धमाके में दोषी उम्र कैद की सजा काट रहे भूल्लर को जेल से रिहा कराने में मदद करेंगे। वहीं, NIA जांच की सिफारिश पर आम आदमी पार्टी ने पलटवार करते हुये कहा कि यह अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक और षड़यंत्र है। बीजेपी दिल्ली में सभी सातों लोकसभा सीट हार रही है। हार देखते हुए भाजपा बौखला गई है।


10 ग्राम 22 कैरेट हॉलमार्क सोने के आभूषण प्रत्येक दिन के भाव पर ₹6000/- की भारी छूट
डायमण्ड के आभूषण पर बनवाई बिल्कूल मुफ्त
चाँदी के आभूषण की बनवाई पर 50% तक की छूट
भरोसा आपका... साथ हमारा...
Since 1987
चेतन ऑरनामेन्टस
100% HALLMARK SHOWROOM
शिव शम्भु प्लाजा, जी. टी. रोड, गोविन्दपुर, फोन : 7061677637 | 8A, राठौर मेंशन, बैंक मोड़, धनबाद, फोन : 6299709575

# कलयुगी बेटे ने मां शमा परवीन की जान लेने की कोशिश किया

## जानलेवा हमला करने से महिला के सिर पर आए गंभीर चोट, अस्पताल में किया जा रहा इलाज

पोलिट लाइव रिपोर्टर







धनबाद: वासेपुर के पांडरपाला अंसार मोहल्ले में एक कलयुगी बेटे रिक्की ने अपनी ही मां शमा परवीन की जान लेने की कोशिश की. मां के सिर पर रिक्की ने हथियार से वार कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया. जिसके बाद महिला को गंभीर हालत में एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है. स्थानीय लोगों ने घटना के बाद रिक्की को पकड़ कर एक कमरे बंद कर दिया. मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अपने साथ थाने ले गई.

महिला के पड़ोसी तौसीफ रजा ने बताया कि शमा परवीन के मंझले बेटे रिक्की ने उसके सिर पर किसी हथियार से वार कर उसे बुरी तरह से लहूलुहान कर दिया. आनन फानन में शमा को अस्पताल में भर्ती कराया गया. उसकी हालात फिलहाल गंभीर बनी हुई है. तौसीफ रजा ने कहा कि रिक्की हमेशा नशीली पदार्थ का सेवन करता है. वह अक्सर नशे में धुत रहता है.

घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे पकड़कर एक कमरे में बंद कर दिया गया और मामले की सूचना पुलिस को दी गई. जिसके बाद रिक्की को पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अपने साथ थाने लेग गई. तौसीफ ने कहा कि इस तरह के लोग समाज को काफी नुकसान पहुंचाते हैं. ऐसे लोगों को कड़ी से कड़ी सजा देने की जरूरत है.

वहीं, मौके पर पहुंचे भूली ओपी प्रभारी शेखर कुमार ने कहा कि बेटे के द्वारा मां के ऊपर हमला करने का मामला सामने आया है. जांच पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी|

# सामान्य प्रेक्षक ने किया वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण

पोलिट लाइव रिपोर्टर





धनबाद : सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची ने धनबाद विधानसभा के वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने जोनल ट्रेनिंग स्कूल भूली में मतदान केंद्र संख्या 78, 79, 80, 82 तथा 83 का निरीक्षण किया। इसके बाद वासेपुर स्थित धनबाद सिटी स्कूल के मतदान केंद्र संख्या 56, 57, वासेपुर कमर मखदूमी रोड स्थित उर्दू प्राइमरी स्कूल के मतदान केंद्र संख्या 87, 88 का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने मटकुरिया स्थित अपग्रेडेड मिडिल स्कूल में मतदान केंद्र संख्या 71, 72 व 73 का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित बूथ के बीएलओ, सुपरवाइजर को सभी मतदान केंद्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने तथा अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची के साथ जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी जनार्दन शर्मा भी मौजूद थे।

# भाजपा महिला मोर्चा झारखंड की प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीमती रमा सिन्हा ने अपना जन्मदिन साथी फाउंडेशन संस्था के बच्चों के संग मनाया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : साथी फाउंडेशन संस्था में पढ़ रहे बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाने साथी फाउंडेशन संस्था की सक्रिय सदस्य ओर भाजपा महिला मोर्चा झारखंड की प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीमती रमा सिन्हा मैम का जन्मदिन साथी फाउंडेशन संस्था के बच्चे लोग के साथ बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया मैम को साथी फाउंडेशन की शिक्षिका ने उन्हें बुके देकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाए दी. बच्चो के द्वारा रंगरंग कार्यक्रम किया गया उसके बाद सभी बच्चो के साथ मैम ने मिलकर केक कट किया और बच्चों के बीच चॉकलेट,चिप्स,स्वीट आदि का वितरण भी किया गया.

# गिरिडीह के बगोदर में जवानों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त, कई जवान घायल



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गिरिडीह : बगोदर थाना इलाके के बगोदरडीह में मंगलवार को दर्दनाक बस हादसा हुआ है। एसएसटी बस हादसे का शिकार हुआ है, जिसमे कुछ लोगो के हताहत की कही जा रही है। लेकिन एक अर्धसैनिक बल के जवान के मौत की पुष्टि हुई है।

जबकि और के घायल होने की बात सामने आई है। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी दीपक कुमार शर्मा, एसडीपीओ धनंजय राम और बगोदर थाना प्रभारी सुख सागर सिंह भी घटनास्थल पहुंच कर राहत बचाव कार्य में जुट गए। हालाकि अभी ये स्पष्ट नहीं हुआ है की घटना का कारण क्या है, लेकिन घटनास्थल में खुद एसपी मुस्तैद है।

EAST END CONVENT
Near G. N. College, Rani Road, Bhuda, Dhanbad
Mob.: 8210805005, 9334624678

1. Classes running from NUR. to (+2) Level
   For (+2) : Science, Commerce & Arts.
2. Transportation Facility available at low rate.
3. Computer Lab.
4. Well Known Faculty Subject Wise.
5. Special Care for Weak Students.
6. Fee Structure very less in comparison to other C.B.S.E. School.
7. Extra Curriculum activities regularly.
8. Peaceful and well disciplined environment.
9. Upcoming Science Lab and Library.
10. We create leader through activities.



# स्क्रूटनी में 3 प्रत्याशी का नामांकन अस्वीकार

**9 मई को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि**

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के लिए प्राप्त सभी 28 नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की। स्क्रूटनी के दौरान कुछ उम्मीदवार स्वयं और कुछ उम्मीदवार के प्रतिनिधि मौजूद थे। स्क्रूटनी में 3 प्रत्याशी, हीरा लाल शंखवार,नारायण गिरी तथा गौतम कुमार महतो का नामांकन अस्वीकार किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 9 मई 2024 को दोपहर 3:00 बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित है। धनबाद में 25 मई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान निर्धारित है। 4 जून 2024 को मतगणना तथा 6 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

इस दौरान सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची, उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, आर.ओ. सेल के नोडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला तथा अन्य लोग मौजूद थे।

## मधुमिता एडू मेड फाउंडेशन ने मेगा रक्तदान शिविर सह रक्तदाता अभिनंदन कार्यक्रम का किया आयोजन



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : मधुमिता एडू मेड फाउंडेशन के संस्थापक गोपाल भट्टाचार्य की पत्नी स्वर्गीय श्रीमती मधुमिता भट्टाचार्य के जन्मदिन के अवसर पर गीताश्री भवन हीरापुर धनबाद में मेगा रक्तदान शिविर सह रक्तदाता अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक द्वारा कुल मिलाकर 90 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। धनबाद के विधायक राज सिन्हा और सीआईएसएफ के डीआइजी विनय काजला की पत्नी श्रीमती सुमन काजला और कांग्रेस नेता बैभब सिन्हा ने भी रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रेरित करने के लिए श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह विधायक झरिया और विनय काजला डीआइजी सीआईएसएफ उपस्थित थे। आज के शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी रक्तदान किया। आज कुल 30 महिलाओं ने रक्तदान किया। 10 युवा लड़के और लड़कियों ने पहली बार रक्तदान किया और वे बहुत उत्साहित थे।

## आरएसपी कॉलेज झरिया बेलगाडिया में जागरूकता अभियान चलाया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इस चरण में आरएसपी कॉलेज के कैंपस अम्बेसडर राहुल कुमार मिश्रा के नेतृत्व मे अपने आरएसपी कॉलेज झरिया बेलगाडिया में जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ निलेश सिंह ने कॉलेज के शिक्षक, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं और अन्य मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। जिसमे मौके पर मौजूद परीक्षा नियंत्रक मुंडा सर,कमरुद्दीन अंसारी, बक्सर सरदार सर, अंशुमान सर, मनोरंजन सर, समीम सर, अनिल सर,रूबी मैम, माधुरी मैम, मनोज कुमार सिंह, रुपेश निषाद, और सैकड़ो छात्र है मौजूद थे सभी ने लोकतंत्र की रक्षा और मतदान के प्रति समाज को जागरूक करने हेतु शपथ ली।

## व्यय प्रेक्षक ने की एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल के साथ बैठक

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : व्यय प्रेक्षक श्री निखिल गोयल ने समाहरणालय के सभागार में एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव के दौरान उनके दायित्व को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसएसटी टीम हर शिफ्ट में जांच की वीडियो रिकॉर्डिंग कराएगी। प्रतिदिन की वीडियो रिकॉर्डिंग जिला प्रशासन के पास जमा कराएगी। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में व्यय प्रेक्षक निखिल गोयल, उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, व्यय कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह स्टेट जीएसटी उपायुक्त गालिब अंसारी, सहायक आयुक्त जीएसटी ध्रुव नारायण राय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



## आज 8 मई को विश्व थैलेसीमिया दिवस

# समाजसेवी अंकित राजगढ़िया राज्य और देश से थैलेसीमिया को खत्म करने की लड़ रहे लड़ाई

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : थैलेसीमिया यह एक अनुवांशिक रक्त रोग हैं। इस रोग के कारण रक्त / हीमोग्लोबिन निर्माण के कार्य में गड़बड़ी होने के कारण रोगी व्यक्ति को बार-बार रक्त चढ़ाना पड़ता हैं। भारत में हर वर्ष 7 से 10 हजार बच्चे थैलेसीमिया से पीड़ित पैदा होते हैं। यह रोग न केवल रोगी के लिए कष्टदायक होता है बल्कि सम्पूर्ण परिवार के लिए कष्टों का सिलसिला लिए रहता हैं।

यह रोग अनुवांशिक होने के कारण पीढ़ी दर पीढ़ी परिवार में चलती रहता हैं। इस रोग में शरीर में लाल रक्त कण / रेड ब्लड सेल(आर.बी.सी.) नहीं बन पाते है और जो थोड़े बन पाते है वह केवल अल्प काल तक ही रहते हैं। थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को बार-बार खून चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है और ऐसा न करने पर बच्चा जीवित नहीं रह सकता हैं। इस बीमारी की सम्पूर्ण जानकारी और विवाह के पहले विशेष एहतियात बरतने पर हम इसे आनेवाले पीढ़ी को होने से कुछ प्रमाण में रोक सकते हैं।

थैलेसीमिया रोग का कारण, लक्षण, निदान और उपचार संबंधी अधिक जानकारी नीचे दी गयी हैं

### थैलेसीमिया क्यों होता हैं ?

थैलेसीमिया यह एक अनुवांशिक रोग है और माता अथवा पिता या दोनों के जींस



में गड़बड़ी के कारण होता हैं। रक्त में हीमोग्लोबिन 2 तरह के प्रोटीन से बनता है - अल्फा और बीटा ग्लोबिन। इन दोनों में से किसी प्रोटीन के निर्माण वाले जीन्स में गड़बड़ी होने पर थैलेसीमिया होता हैं।

### थैलेसीमिया के प्रकार क्या हैं ?

ऐसे तो थैलेसीमिया के कई प्रकार किया जाते है पर मुख्यतः थैलेसीमिया के दो प्रकार हैं।

### थैलेसीमिया माइनर

यह बीमारी उन बच्चों को होती है जिन्हे प्रभावित जीन्स माता अथवा पिता द्वारा प्राप्त होता हैं। इस प्रकार से पीड़ित थैलेसीमिया के रोगियों में अक्सर कोई लक्षण नजर नहीं आता हैं। यह रोगी थैलेसीमिया वाहक होते हैं।

### थैलेसीमिया मेजर

यह बीमारी उन बच्चों को होती है जिनके माता और पिता दोनों के जिंस में गड़बड़ी होती हैं। यदि माता और पिता दोनों थैलेसीमिया माइनर हो तो होने वाले बच्चे को थैलेसीमिया मेजर होने का खतरा अधिक रहता है।

### हैड्रोप फीटस

यह एक बेहद खतरनाक थैलेसीमिया का प्रकार है जिसमे गर्भ के अंदर ही बच्चे की मृत्यु हो जाती है या पैदा होने के कुछ समय बाद ही बच्चा मर जाता हैं।

### थैलेसीमिया के लक्षण क्या हैं ?

थैलेसीमिया माइनर: इसमें अधिकतर मामलों में कोई लक्षण नजर नहीं आता हैं। कुछ रोगियों में रक्त की कमी या एनीमिया हो सकता हैं।

थैलेसीमिया मेजर : जन्म के 3 महीने बाद कभी भी इस बीमारी के लक्षण नजर आ सकते हैं।

बच्चों के नाख़ून और जीभ पिली पड़ जाने से पीलिया / जौंडिस का भ्रम पैदा हो जाता हैं।

बच्चे के जबड़ों और गालों में असामान्यता आ जाती हैं।

बच्चे की विकास रुक जाती हैं और वह उम्र से काफी छोटा नजर आता हैं।

सूखता चेहरा

वज़न न बढ़ना

हमेशा बीमार नजर आना

कमज़ोरी

सांस लेने में तकलीफ

### थैलेसीमिया का निदान कैसे किया जाता हैं ?



बच्चे में थैलेसीमिया की आशंका होने पर निदान करने के लिए नीचे दिए हुए जांच किये जाते हैं :

### शारीरिक जांच

व्यक्ति की शारीरिक जांच और सवाल पूछ कर डॉक्टर थैलेसीमिया का अंदाजा लगा सकते है। पीड़ित व्यक्ति में रक्त की कमी के लक्षण, लीवर और स्प्लीन में सूजन और शारीरिक विकास में कमी इत्यादि लक्षणों से थैलेसीमिया का अंदाजा आ जाता हैं।

### रक्त की जांच

माइक्रोस्कोप के नीचे रक्त की जांच करने पर लाल रक्त कण के आकार में कमी और अनियमितता साथ ही हीमोग्लोबिन की कमी से थैलेसीमिया का निदान हो जाता हैं। हीमोग्लोबिन एलेक्ट्रोफोर्सिस जांच में अनियमित हीमोग्लोबिन का पता चलता हैं। म्युटेशनल एनालिसिस जांच करने पर अल्फा थैलेसीमिया का निदान किया जाता हैं।

### थैलेसीमिया का उपचार कैसे किया जाता हैं ?

रक्त चढ़ाना

थैलेसीमिया का उपचार करने के लिए नियमित रक्त चढाने की आवश्यकता होती हैं। कुछ रोगियों को हर 10 से 15 दिन में रक्त चढ़ाना पड़ता हैं।ज्यादातर मरीज इसका खर्चा नहीं उठा पाते हैं। सामान्यतः पीड़ित बच्चे की मृत्यु 12 से 15 वर्ष की आयु में हो जाती हैं। सही उपचार लेने पर 25 वर्ष से ज्यादा समय तक जीवित रह सकते हैं। थैलेसीमिया से पीड़ित रोगियों में आयु के साथ-साथ रक्त की आवश्यकता भी बढ़ते रहती हैं। मेरा आप सभी से अनुरोध है की अगर आपक रक्त दान कर सकते है तो साल में कम से कम 2 बार ऐच्छिक रक्त दान अवश्य कीजिये ताकि आपके दिए हुए इस अनमोल दान से किसी बच्चे को जीवन दान मिल सकता हैं। रक्त दान कौन और कब कर सकता है इसकी सम्पूर्ण जानकारी लेने के लिए रक्तदान के विषय में पढ़े |

### खेलासोन थेरेपी

बार-बार रक्त चढाने से और लौह तत्व की गोली लेने से रोगी के रक्त में लौह तत्व की मात्रा अधिक हो जाती हैं। लीवर, स्पीलिन, तथा ह्रदय में जरुरत से ज्यादा लौह तत्व जमा होने से ये अंग सामान्य कार्य करना छोड़ देते हैं। रक्त में जमे इस अधिक लौह तत्व को निकालने के प्रक्रिया के लिए इंजेक्शन और दवा दोनों तरह के ईलाज उपलब्ध हैं।

### बोन मेरो ट्रांसप्लांट

बोन मेरो ट्रांसप्लांट और स्टेम सेल का उपयोग कर बच्चों में इस रोग को रोकने पर शोध हो रहा हैं। इनका उपयोग कर बच्चों में इस रोग को रोक जा सकता हैं।

### थैलेसीमिया को रोकने के लिए क्या करना चाहिए ?

थैलेसीमिया को रोकने के लिए नीचे दिए हुए उपाय कर सकते हैं :

जागरूकता

आज समाज में थैलेसीमिया को लेकर अज्ञानता हैं। हमें थैलेसीमिया से पीड़ित लोगो में इस रोग संबंधी जागरूकता फ़ैलानी चाहिए ताकि इस रोग के वाहक इस रोग को और अधिक न फैला सके। आप भी इस लेख को सोशल मीडिआ पर शेयर कर थैलेसीमिया संबंधी जागरूकता फ़ैलाने में हमारी मदद कर सकते हैं।

# 24 वी अंतर विद्यालय वॉलीबॉल के सेमीफाइनल में...




केंद्रीय विद्यालय




डी ए वीं अल्कुशा




डी ए वी मॉडल

**अंडर 19 में D. A. V. अलकुशा, DAV. मॉडल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, आईएसएल, अंडर 14 में केंद्रीय विद्यालय, स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर, मिशन ऑफ नॉलेज, बड़र्स गार्डन पहुंचा**

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जिला वालीबाल संघ के तत्वाधान में वॉलीबॉल स्टेडियम के तीन वॉलीबॉल कोर्ट में चल रहे 6 दिवसीय अंतर विद्यालय वालीबॉल लीग चैंपियनशिप

के अंडर 19 बालक वर्ग में DAV. अलकुशा, DAV. मॉडल, आईएसएल सुदामडीह, स्वामी विवेकानंद स्कूल चिरकुंडा, तथा अंडर 14 बालक वर्ग में स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर टुंडी, केंद्रीय विद्यालय, मिशन ऑफ नॉलेज, बड्स गार्डन राजगंज नॉकआउट स्टेज के सेमी फाइनल में पहुंचा वही आज खेले गए अंडर 14 लीग मैच का परिणाम इस प्रकार है स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर टुंडी ने आईएसएल को 1510, 1511 से मिशन ऑफ नॉलेज ने धनबाद सिटी स्कूल भूली 15 11 15 10 से बड्स गार्डन राजगंज ने राजकमल धनबाद को 1510 1215 1614 से स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर ने मिशन ऑफ नॉलेज को 1512 1315 1512 से केंद्रीय विद्यालय धनबाद ने DAV. अलकुशा को 1509 1508 से स्वामी विवेकानंद स्कूल चिरकुंडा ने धनबाद सिटी स्कूल को 1509 1507 से सरस्वती विद्या मंदिर ने

स्वामी विवेकानंद स्कूल चिरकुंडा 1510 1512 से हराया वही अंदर-19 बालक वर्ग के लीग मुकाबले मे DAV. अलकुशा ने स्वामी विवेकानंद स्कूल को 1513 1511 DAV. मॉडल ने आईएसएल सुदामडीह को 1510 1511 से हराया स्वामी विवेकानंद स्कूल ने धनबाद पब्लिक स्कूल को 1511 1512 से हराकर सेमी फाइनल में जगह पक्का किया 8 मई को सुबह 7:30 से दोनों वर्गों के सेमी फाइनल मुकाबले होंगे वही खिलाड़ी काफी मर्माहत है कल दो छात्रों की मौत से स्कूल के सभी छात्रों ने 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया

मैच में मुख्य रूप से महासचिव सूरज प्रकाश लाल, संतोष कुमार सिंह, आलोक चौधरी, विजय श्रीवास्तव, A. K. सहा, कौशल सिंह, शुभम कुमार, गणेश यादव, प्रियंका सिंह, नीतू बावड़ी नीरज कुमार दीपक महतो राहुल तिवारी उपस्थित थे.

# बलियापुर बीडीओ में चलाया मतदान जागरूकता अभियान और चेकनाका का किया निरीक्षण

पोलिट लाइव रिपोर्टर






बलियापुर : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निदेशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा एवं थाना प्रभारी शैलेश कुमार पांडेय की उपस्थिति में मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर अभियान के तहत सिंदरी नगर निगम क्षेत्र स्थित मतदान केंद्र संख्या 388 एवं 392 बुनियादी विद्यालय बीआईटी सिंदरी ने BAG की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से इस अभियान को चलाया जा रहा है एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने के लिए सभी सदस्यों को इस अभियान से जुड़ना है। इसी अभियान के तहत एक कार्यक्रम डीएवी पब्लिक स्कूल रांगामाटी सिंदरी में आयोजित हुई। कार्यक्रम में इएलसी सदस्य छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता प्रति, सेल्फी एवं जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सभी शिक्षक ने भाग लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा भ्रमण के दौरान ही इंटरस्टेट चेकनाका डोमगढ़ एवं सिंदरी बस्ती का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी उपस्थित पाए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने गहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सिंदरी थाना प्रभारी श्री शैलेश कुमार पांडेय भी उपस्थित थे।

# आर.एस.पी. कॉलेज, झरिया, बेलगड़िया मे संगोष्ठी का आयोजन



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर: आर. एस. पी. कॉलेज, झरिया बेलगड़िया के वाणिज्य विभाग एवं इमार्टिकुस लर्निंग के संयुक्त तत्वाधान मे 'करियर एंड स्कोप इन इन्वेस्टमेंट एंड रिटेल बैंक्स' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. संगोष्ठी आयोजन का मुख्य उद्देश्य इन्वेस्टमेंट एंड रिटेल बैंक के क्षेत्र मे भविष्य, संभावनाओं एवं चुनौतियों पर परिचर्चा कर विद्यार्थियों मे रोजगारोंनमुख जागरूकता उत्पन्न करना एवं जानकारी प्रदान करना था. कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. निलेश कुमार सिंह ने किया एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इन्वेस्टमेंट एवं रिटेल बैंक भारतीय अर्थव्यवस्था का उभरता एवं एक अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रक बन गया है, जहाँ वाणिज्य एवं व्यवसाय मे रूचि रखने वाले छात्र जरुरी कौशलों एवं जानकारी को अर्जित कर अपना करियर बना सकते हैं. रोजगारोन्मुख शैक्षिक गतिविधियों के आयोजन के सार्थक प्रयास की सराहना करते हुए उन्होंने वाणिज्य विभाग के शिक्षकों एवं इमार्टिकुस लर्निंग के सदस्यों को बधाई दी. कार्यक्रम मे बतौर मुख्य वक्ता इमार्टिकुस लर्निंग के सीनियर मैनेजर आतिफ़ अकरम ने संगोष्ठी के विषय पर विस्तार से बताया|

# बिहार के पूर्व सांसद पप्पू यादव ने झरिया के पूर्व विधायक आबो देवी के आवास जाकर कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में समर्थन मांगा



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : बिहार के पूर्व सांसद पप्पू यादव ने धनबाद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार के क्रम में झरिया के पूर्व विधायक आबो देवी जी के आवास जाकर कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह जी के पक्ष में समर्थन मांगा,आबो देवी कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में लोगों से समर्थन मांगने के साथ अधिक से अधिक मतदान कराने का आश्वासन लिया,आगे पप्पू यादव ने कहा कि आबो देवी से मेरा घरेलू रिश्ता रहा है! आज हाउसिंग कॉलोनी,बिशनपुर झरिया सहित जिला के विभिन्न जगहों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया हाउसिंग कॉलोनी में पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक के आवास में जाकर मिले,जनसंपर्क अभियान के उन्होंने लोगों से हाथ छाप में वोट देकर कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह जी को विजयी बनाने का आह्वान किया!

जनसंपर्क अभियान के क्रम पूर्व सांसद पप्पू यादव ने कहा कि देश की मोदी सरकार लोगों को झूठा आश्वासन देकर लोगों को छलने का काम कर रही है मोदी सरकार देश में जाति और धर्म के साथ समाज में भाई-भाई को बांटने का काम कर रही है मोदी सरकार अत्यंत पिछड़ा लोगों ओबीसी अंबेडकरवादी एवं बिरसा मुंडा जोहार बोलने वाले का सबसे बड़ा दुश्मन है ,मोदी सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही है देश में महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर है लोग आर्थिक संकटों से जूझ रही है देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है इसके बावजूद मोदी सरकार मूकदर्शक बनी हुई हैं, कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों व वंचितों युवाओं महिलाओं और बेरोजगारों की बात करती है एवं उनके हक और अधिकार के लिए हमेशा कंधे से कंधे मिलाकर खड़ा रहने का काम किया है और आगे भी करते रहेगी देश में दलित व गरीबों का सबसे बड़ा दुश्मन भाजपा है आरक्षण संविधान के साथ कांग्रेस ने जो अधिकतर लोगों को दिया है उसे भाजपा छिनना चाहती है। आगे उन्होंने संविधान की रक्षा के साथ अपने अधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किया आगे उन्होंने कहा कि इंडिया महागठबंधन के प्रति लोगों का विश्वास जगा है और 2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया महागठबंधन देश में सरकार बनाएगी! उनके जनसभा और जनसंपर्क अभियान के दौरान भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया और लोग उत्साहित दिखे लोगों ने कांग्रेस के पक्ष में भारी से भारी संख्या में अपना मतदान करने का आश्वासन दिया!




मैनेजिंग संपादक - बिद्युत वर्मा, कार्यालय- गली न0-10, बिनोद नगर, धनबाद-826001, Mobile No. : 9934560545

# सेल चासनाला की पहल पर मतदाता जागरूकता अभियान में वॉक फॉर वोट कार्यक्रम का किया आयोजन

पोलिट लाइव रिपोर्टर







झरिया : सेल चासनाला की पहल पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को वॉक फॉर वोट कार्यक्रम का आयोजन किया गया । सपोर्ट यूथ कॉन्सेप्ट एवं ग्रीन लाइफ झरिया किया

राजग्राउंड स्थित बी आर सी भवन से शुरू हो कर लक्ष्मणिया मोड़, झरिया बाजार, बाटा मोड़, चार नंबर, होते हुए इंदिरा चौक में समाप्त हुआ । रैली में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए । साथ में चुनाव में मतदान का को दर्शाता आकर्षक झांकी भी चल रहा था । आगे आगे दिव्यांग जन चल रहे थे । हाथों में तख्तियां लिए लोग नारा लगा रहे थे। पांच साल नहीं पछताना है वोट देने जाना है । दिव्यांगजन भी वोट करेंगे,भ्रष्टाचार पर चोट करेंगे । जैसे नारों से गूंज रहा था ।

कार्यक्रम में एडीएम हेमा प्रसाद, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, प्रसून्न कौशिक, निर्वाचन आयोग के ब्रांड एम्बेसडर श्वेता किन्नर, सेल के सीजीएम संजय तिवारी, जी एम उदय कुलकर्णी, अगम मनीष भाटिया, सनी कुमार, सीओ राम सुमन प्रसाद शैलेश रंजन वरुण कुमार, पी डब्लू डी आई कॉन प्रमोद कुमार यादव, डॉ दिलीप कुमार ग्रीन लाइफ के डॉ मनोज सिंह, यूथ कॉन्सेप्ट के अखलाक अहमद शिवचरण शर्मा श्रीकांत अम्बष्ठ अनिल जैन नरेंद्र मंडल मोहम्मद इकबाल अशफाक हुसैन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी- अनिता कुजूर

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी झरिया-अलका रानी

महिला पर्यवेक्षका-शशि प्रिया, कुंती कुमारी, सीमा कुमारी,शशि पूनम लकड़ा, कामिनी कुमारी, बीईईओ लीला उपाध्याय, सुनील सिंह, कृष्णा पांडेय, विजय तिर्की, बर्जेश पांडेय, राजन श्रीवास्तव, श्रीकांत यादव, अंगद पांडे, अनिल जैन, शिवचरण शर्मा, रूमी खान, श्रीकांत अम्बष्ट श्रीकांत, ईश्वर शर्मा, सत्यनारायण भोज गढ़िया, महताब आलम, बबलू पेंटर, मो एहतेशाम,सहित सैकड़ों लोग उपाथित थे ।

## संगत पंगत ट्रस्ट ने 'मतदाता जागरुकता अभियान' बलियापुर मे चलाया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : 'संगत पंगत ट्रस्ट धनबाद' के द्वारा चलाए जा रहे "मतदाता जागरुकता अभियान" के तहत पूर्व निर्धारित बैठक धनबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बलियापुर में आयोजित हुआ।

बैठक में बलियापुर के साथ साथ सिन्दरी के भी चित्रांश उपस्थित थे। सभी चित्रांशों ने आगामी 25 मई को होने वाले मतदान को लेकर उत्सुकता एवं सक्रियता दिखाई। 'धनबाद लोकसभा संसदीय' क्षेत्र में अपने अपने स्तर से इस अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अपने और आस पास के क्षेत्रों में भ्रमण करके और मतदाताओं को जागरुक करते हुए सही उम्मीदवार को अपना मताधिकार दिलवाने का आश्वासन दिया। ट्रस्ट के द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान की तारीफ़ करते हुए आगामी 19 मई'2024 के कार्यक्रम को सफल बनाने का भी आश्वासन दिया। स्मारिका एवं कलम देकर उपस्थित सभी चित्रांशों को सम्मानित किया गया। पूर्व में झरिया, बोकारो, मैथन एवं धनबाद में सफल बैठक हो चुकी है।

आगामी बैठक की सूचना ग्रुप में दे दी जाएगी। बैठक की अध्यक्षता चित्रांश रवि भूषण श्रीवास्तव एवं संचालन चित्रांश राजीव रंजन ने किया। धन्यवाद ज्ञापन चित्रांश राजीव कुमार श्रीवास्तव ने दिया। बैठक में मुख्य रूप से डॉ. अरबिंद कुमार सिन्हा, डॉ. सरोज कुमार सिन्हा, संजय कुमार श्रीवास्तव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, एम.एम. पी.श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, मोहन लाल श्रीवास्तव, अभिषेक गुंजन, सुनील कुमार श्रीवास्तव, पवन कुमार, अशोक लाला आदि अनेक चित्रांश शामिल थे।

## गोविंदपुर हरि मंदिर में श्री श्री 24 पहर हरि संकीर्तन चार दिवसीय का हुआ समापन




पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविन्दपूर : भिलेज रोड हरि मंदिर श्री श्री 24 पहर हरि संकीर्तन चार दिवसीय हरिनाम संकीर्तन पूर्णाहुति मंगलवार को कुंज मिलन के साथ हुई इस दोरान मुल गायिका नम्रता दास पाला क्रितन गाकर संमा बाधं दिया मुख्य अतिथि सिंदरी विधायक श्री मान इन्द्रजीत महतो के प्रतिनिधि कुमार महतो ने कलाकारों को अंगवस्त्र देकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया मोके श्रवण माहतो एवं कमिटी के अध्यक्ष धीरज शर्मा सचिव अनिल कुमार सुभाष धीवर कोषाध्यक्ष जयजीत मुखर्जी जयदेव समददार रमेश बाऊरी पानु धीवर नयन धीवर अर्जुन धीवर राजा धीवर देवप्रसाद चटर्जी शत्यम धीवर सुनिल समददार सुकुमार धीवर अमल मजुनदार बादशाह धीवर भगीरथ धीवर दिपक धीबर नुनु धीवर राहुल दास सोमनाथ दास विकास धीवर रंजीत धीवर विवेक धीवर जय बाऊरी विकास चटर्जी बादशाह चटर्जी आकाश लायक गोपी धीवर मनोज धीवर उज्वल धीवर सुकुमार धीवर लालटु धीवर अमित कुमार धीवर रितिक कुमार धीवर एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे|

## लायंस क्लब ऑफ गोविंदपुर ने बंधुओं के सहयोग से दलित एवं अनाथ बच्ची की शादी में किया मदद



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : लायंस क्लब ऑफ गोविंदपुर के बैनर तले गोविंदपुर प्रखंड के कुरची ग्राम निवासी जोवा कुमारी जो एक दलित एवं अनाथ बच्ची है जिसकी शादी 9 मई को होना तय हुआ है क्लब अध्यक्ष ने लायन बंधुओं के सहयोग से उसकी शादी में मदद पहुंचाने का काम किया !

मदद स्वरूप नगद 5001 रुपया धोती गमछा साड़ी मिठाई आदि वस्तुएं प्रदान कर उस बच्ची की मदद की गई !इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष लायन डॉक्टर आरके शर्मा ,कोषाध्यक्ष लायन संदीप विश्वकर्मा ,लायन कमल अग्रवाल, लायन अनुराग प्रदीप, लायन राजेश जायसवाल ,लायन कुमार कांत जायसवाल ,लायन रोशन अग्रवाल, लायन अमन यादव ,लायन इसा शमीम, लायन गोविंद मिश्रा आदि लोगों का भरपूर सहयोग रहा! क्लब अध्यक्ष ने सबों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए दिल से धन्यवाद दिया और सभी लोगों ने उस बच्ची को उसके वैवाहिक जीवन सफल एवं सुखद हो इसके लिए ढेर सारी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दी !

# बसपा प्रत्याशी मोहन सिंह के समर्थन में स्टार प्रचारक सुबल दास का दौरा, कहा लोकतंत्र व संविधान रक्षा के लिए हाथी पर बटन दबावें

पोलिट लाइव रिपोर्टर





धनबाद/बोकारो: बहुजन समाज पार्टी धनबाद संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी मोहन सिंह (यादव) के समर्थन में बसपा झारखंड प्रदेश के स्टार प्रचारक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, जोन प्रभारी सुबल दास आज कई जगह जनसंपर्क अभियान चलाया। धनबाद के कई क्षेत्रों में दौरा करने के बाद बोकारो पहुंचकर वहां के जिला कमेटी के पदाधिकारीगण के साथ संपर्क कर सभी को चुनाव प्रचार अभियान तेज करने का निर्देश दिया। श्री दास ने कहा कि धनबाद संसदीय सीट में धन बल व बाहुबली बनाम जनबल की लड़ाई है। मौजूदा समय में धनबाद समेत देश का जो हालात है उसके लिए कांग्रेस-भाजपा दोनों जिम्मेदार है। विकल्प जनता के सामने सिर्फ बहुजन समाज पार्टी है। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी मोहन सिंह को जिताकर लोकसभा भेजना है ताकि अधिक से अधिक सीट बसपा के पक्ष में आवे ताकि बसपा सुप्रीमो बहन मायावती जी देश का प्रधानमंत्री बन सके व देश का लोकतंत्र व संविधान बचा रहे।

धनबाद जिला अध्यक्ष अभय कुमार ने कहा कि गली-गली चहुंऔर सभी क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं का जिम्मेदार भाजपा है तथा भाजपा का विकल्प कांग्रेस नहीं है। इसलिए बसपा के पक्ष में लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। बसपा की जीत यहां पक्की है। उन्होंने जानता से हाथी पर बटन दबाकर यहां से मोहन सिंह को लोकसभा भेजने का आह्वान किया। जनसंपर्क अभियान में बसपा के बोकारो जिला अध्यक्ष हरेंद्र बौद्ध, जिला उपाध्यक्ष नंदलाल दास, जिला प्रभारी रोहित सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष समीर कुमार दास, बामसेफ बोकारो जिला संयोजक सपन कुमार दास, वरुण दास आदि मौजूद थे।

# इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी अनूपमा सिंह का संघन दौरा निरसा विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में हुआ

## हर महिला की इज्जत हो, हर बच्चा हो अपना प्यारा, हर हाथों को काम मिले यही है अनुपमा का नारा

पोलिट लाइव रिपोर्टर







धनबाद : लोकसभा इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी अनूपमा सिंह का संघन दौरा निरसा विधानसभा के कलियासोल प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यकर्ता स मे ल न कलियासोलमोड,सिमुलदांग, पेंड्राहाट ,शालुकचोपड़ा ,आंखद्वार,बारामुडी, में जनसभा एवं आवासीय कार्यालय जामाडोबा में महागठबंधन कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ जनता दरबार धनबाद विधानसभा के खेरा ,केंदुआडीह नया धोडा कॉलोनी, कुसुंडा पोस्ट ऑफिस के पास दस नम्बर,बारह नम्बर पीट बलहारी में जनसंपर्क बलिहारी ,कच्ची बलिहारी,गाजो पट्टी में जनसंपर्क केंदुआ पुल से केंदुआ बाजार होते हुए केंदुआ चार नंबर तक जनसंपर्क एव नुक्कड सभा को संबोधन करते हुए कहा महिलाओं के भीतर मैंने देखा है कि 10 साल की भाजपा सरकार के खिलाफ गरीब आम जनता आम व्यक्ति में दिखा कि उनकी उम्मीद भी खत्म हो गई सपने भी खत्म हो गए विश्वास भी भाजपा में नहीं रहा उज्वल का कनेक्शन देकर सिलेंडर की कीमत तीन गुना बढ़ा दी खाद्यान्न पदार्थ में अप्रत्याशित वृद्धि कर गरीबों के जेब से पैसे निकालने का काम किया हजारों करोड़ों की संपत्तियों को चंद कौड़ियों के भाव अपने अडानी अंबानी मित्रों को दे दिया

पिछले 10 साल में एक भी कोई भी फैक्ट्री तक नहीं लगे आज भाजपा के पास चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी तक नहीं है यही कारण है कि अजित पवार और नवीन जिंदल जैसे लोगों को भाजपा ने शामिल कर लिया धनबाद लोकसभा क्षेत्र में यहा कि जनता-जनार्दन भाजपा से छुटकारा चाहती हैं झारखंड के खनिज संपदा की लूट हो रही है

## पूर्व कांग्रेस नेता बेहतर झारखण्ड के संस्थापक मयूर शेखर झा ने सैकड़ों अप्रेंटिस युवाओं के साथ रोजगार और अवसर को लेकर बैठक किया




### कहा इन्हें न्याय की शक्त जरूरत है

पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास : बेहतर झारखण्ड संस्था की बैनर तले क्षेत्र के प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं की ओर से बीसीसीएल से प्रशिक्षित सैकड़ों अप्रेंटिस और असंगठित मजदूर युवाओं के साथ कतरास स्थित लिलोरी स्थान मंदिर के होटल धनंजय में एक बैठक आयोजित किया गया । जिसमें पूरे धनबाद, बोकारो ज़िले के सैकड़ों प्रशिक्षित युवाओं ने हिस्सा लिया। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व कांग्रेस नेता और बेहतर झारखण्ड के संस्थापक मयूर शेखर झा जी युवाओं के बीच उपस्थित हुए झा जी ने कहां की क्षेत्र के युवाओं को रोजगार और अवसर कैसे मिले इसपर गहन विचार गोष्ठी भी युवाओं के समक्ष बैठक में की गई। बेहतर झारखण्ड के संस्थापक मयूर शेखर झा ने कहा कि आज धनबाद क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षित बेरोजगार हैं, उन्हें उनके योग्यता के आधार पर आज राज्य में स्थानीय नियोजन निति अन्तर्गत भी निजी कंपनियों में उन्हें अवसर प्रदान नहीं दिया जा रहा है। आज युवा वर्षों से मांगों को लेकर सड़क पर थें। वर्षों से रोजगार की मांगों को लेकर संघर्षरत कोल अप्रेंटिस युवाओं को रोजगार कैसे मिले इसपर कोई चर्चा तक नहीं करना चाहता|

## एनडीए प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी ने राजगंज और तोपचांची के गावों में तूफानी दौरा किया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

राजगंज : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस साल का काम ही अबकी बार 400 पार करने के लिए काफी है क्योंकि एनडीए गठबंधन वादों में नही बल्कि वादा को पूरा करने के लिए जाने जाती है उक्त बातें मंगलवार को गिरिडीह लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी ने लक्ष्मणपुर में आयोजित ग्रामीणों की बैठक के दौरान कहा। बैठक के पूर्व गंगापुर स्थित माँ लिलोरी मन्दिर में पूजा अर्चना किया,चन्द्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के लिए कांग्रेस ने 70 सालो से लड़ाने का काम किया लेकिन मोदी ने राम मंदिर बनाकर अपना वादा पूरा करते हुवे इतिहास रच दिया।इस दौरान चन्द्रप्रकाश चौधरी ने रणटांड,खुरडीह,नैरो, मोहराडीह, कोटालअड्डा,ब्राह्मन्डीहा, कामता,नपैडीह,कांडेडीह,गोरमारा,आमटांड,बेलमी,मानटांड,तोपचांची,दुमदुमि आदि गावों में तूफानी दौरा किया।मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि रामप्रसाद महतो,रामगढ़ नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो,भाजपा नेता नीलकंठ रवानी,संतोष महतो,मुखिया रिंकू महतो,कविता वर्णवाल,रामनारायण भगत,आशुतोष पॉल,विक्रम पांडेय आदि मौजूद थे।

## पूर्व विधायक आनंद महतो ने चलाया जनसंपर्क अभियान



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : लोकसभा मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी के पक्ष में मंगलवार को पूर्व विधायक आनंद महतो ने जगदीश, प्रधानखंता समेत कई इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया। दूधिया पंचायत में मासस के केंद्रीय अध्यक्ष चंद्रदेव महतो के नेतृत्व जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रदीप उपाध्याय, राम पद रजवार, अजय किस्कू, हिमसागर मांझी, अजीत मरांडी आदि थे।

## सड़क दुर्घटना में मीडिया कर्मी घायल

पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया कर्मी उमेश चौबे व लालटू मिठारी मंगलवार को सड़क दुर्घटना में जख्मी हो गए। दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर झरिया जा रहे थे। मुकुंदा दुर्गा मंदिर के पास पीछे से तेज गति से आ रही दूसरे बाइक सवार ने इनकी बाइक को पीछे से जोरदार धक्का मार दिया। जिससे बाइक पर सवार दोनों मीडिया कर्मी दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर गए। जिससे दोनों को चोटे आई है।

## लक्ष्मी देवी ने लोहरडीह में किया जन संपर्क मांगा समर्थन



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद: धनबाद लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी मंगलवार को लोहरडीह नीचे कुल्ही और ऊपर कूल्ही में जन संपर्क अभियान चला कर लोगों से आशीर्वाद लिया और अपने पक्ष में वोट करने की अपील की। मौके पर लक्ष्मी देवी ने कहा कि धनबाद का विकास राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में अवरुद्ध रहा है। धनबाद का विकास चाहिए तो ठोस योजना पर कार्य करने वाले को वोट दीजिए। जुमलाजीवी या झूठे सपने दिखाने वालों को नही। लक्ष्मी देवी ने कहा कि धनबाद की प्रबुद्ध वोटरों से आग्रह है कि अपना मतदान जरूर करें और लक्ष्मी देवी को अपना बहुमूल्य वोट देकर समर्थन करें। मैं धनबाद का विकास करूंगी। मौके पर दिलीप सिन्हा, संदीप कुमार पासवान आदि मौजूद थें...

## रागिनी सिंह ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने को लेकर झरिया मे सघन दौरा कर नुक्कड़ सभाएं की

पोलिट लाइव रिपोर्टर





तिसरा:आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने को लेकर झरिया के मोहरी बांध तिलाई बनी लोदना अंबेडकर चौक कपड़ा धौड़ा बाजार समेत लोदना के विभिन क्षेत्रों का सघन दौरा कर नुक्कड़ सभाएं की जहा भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के हाथो को और मजबूत कर देश के विकास रथ को आगे बढ़ाने में सहायक बनने की अपील की वही स्थानीय महिलाओं एवं अन्य लोगो के बीच मोदी सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं संबंधी पर्चे बांट कमल के निशान पर ज्यादा से ज्यादा मत देकर भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने का आह्वाहन किया वही स्थानीय महिलाओं ने श्रीमती सिंह को अपनी समस्याओं से अवगत कराया जहा श्रीमती सिंह ने सभी मामलों पर वार्ता कर सुलझाने का आश्वशन दिया।इस दौरान लोदना मंडल अध्यक्ष राजा राम पासवान शिबू निषाद अनिता देवी लाल यादव सूरज निषाद संजय महता विक्की पासवान पिंटू कुमार राहुल कुमार मंटू पासवान निर्मला पासवान नागेश्वर पासवान सूरज यादव रवि कांत पासवान चंपा देवी समेत सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।